श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 135, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | सोमवार, 21 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सीएम योगी का मिशन रोजगार, जिलों में ही नौकरी देने के निर्देश

**मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है और इसका शासनादेश भी जारी हो गया है। इसके तहत अब अधिकारियों को सभी 75 जिलों में रोजगार के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।**



**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेरोजगार युवाओं के भविष्य को लेकर बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मिशन रोजगार को लेकर एक शासनादेश जारी किया है। जिसके तहत अब जिलों में ही लोगों की नौकरी की व्यवस्था की जाएगी। जिससे प्रदेश में नौकरी को लेकर चल रहा बड़ा संकट समाप्त हो सकता है। उत्तर प्रदेश में बतौर मुख्यमंत्री अपने चार वर्ष के कार्यकाल में करीब चार लाख लोगों को नौकरी देने का काम कर चुके सीएम योगी आदित्यनाथ अब बड़ा रिकॉर्ड बनाने की ओर हैं। मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है और इसका शासनादेश भी जारी हो गया है। इसके तहत अब अधिकारियों को सभी 75 जिलों में रोजगार के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सभी को सरकारी नौकरी, स्वरोजगार और प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर जुटाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारियों को इसका के लिए डाटाबेस तैयार करने को कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय को केंद्र बनाकर कार्यवाही संचालित की जाए। इसमें जिला सेवायोजन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जनपद में रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हर जनपद में रोजगार की उपलब्धता के सम्बन्ध में डाटाबेस तैयार किया जाए। सभी जनपदों का रोजगार प्लान बनाया जाए। इसके अलावा विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में एक वेबसाइट भी विकसित की जाए। इस वेबसाइट पर रोजगार के अवसरों की उपलब्धता की जानकारी के साथ-साथ आवेदन का विकल्प भी होने चाहिए।

प्रदेश में पांच दिसंबर से चल रहा मिशन रोजगार अभियान अब वृहद रूप ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान के तहत 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में रोजगार के लिए यह काफी बड़ा अभियान माना जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश में स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अप्रेन्टिसशिप के जरिए युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इसमें इनको भूमि आवंटन के साथ लाइसेंस और एप्रूवल की प्रक्रिया से भी जोड़ा जाएगा। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर से लेकर जिला स्तर तक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दिला रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन 50 हजार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम निशुल्क कराया रहा है।

## 22-25 दिसंबर तक चलेगा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव, पीएम मोदी करेंगे संबोधित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार, 22 दिसंबर को शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2020 को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यालय से इसकी जानकारी सोमवार को दी गई है।

इस साल के इस विज्ञान महोत्सव की थीम केंद्रीय विषय विज्ञान फॉर स्वावलंबी भारत और वैश्विक कल्याण है। 22 दिसंबर से शुरू होने वाले इस महोत्सव का आयोजन विश्व विख्यात भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की जयंती के मौके पर किया जाता है जो 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलता है। 2015 में शुरू किए गए क्क्ररञ्ज का मकसद समाज में विज्ञान व तकनीक को बढ़ावा देना है। इस आयोजन के जरिए लोगों तक यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की जाती है कि विज्ञान व तकनीक के जरिए हमारी जिंदगी कितनी बेहतरीन हो गई है।

इस विज्ञान महोत्सव का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारत सरकार और विपनभारती (विभा) से जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के साथ-साथ बड़ी संख्या में अन्य संगठनों के समर्थन से किया जाता है। विज्ञान व सूचना मंत्रालय क्क्ररञ्ज 2020 के लिए नोडल संस्था सीएसआईआर-एनआईएस्टैड्स, नई दिल्ली है। डीएसआईआर के सचिव और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ शेखर सी मंडे ने कहा है कि क्क्ररञ्ज का उद्देश्य व्यक्ति को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रेरित करना है।

सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड डेवलपमेंट स्टडीज की निदेशक डॉ रंजना अग्रवाल ने कहा कि ऐसे समय में जब महामारी के कारण जीवन में बाधा आ रही है तो यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही है जिसके सहारे लोगों को उम्मीद है। ऐसा ही एक जीवंत उदाहरण है इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल क्क्ररञ्ज 2020 जहां विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से परिचय कराया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वियतनाम के पीएम से करेंगे वार्ता, कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**बताया जा रहा है कि इस वार्ता के दौरान दोनों नेता व्यापक द्विपक्षीय क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और इसके साथ ही भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के भविष्य के विकास के मुद्दे पर भी बात करेंगे।**




**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के भविष्य के विकास पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वियतनाम के पीएम गुयेन जुआन फुक के साथ वार्ता करेंगे। यह वार्ता वर्चुअल होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'वार्ता के दौरान, दोनों नेता व्यापक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के भविष्य के विकास के मुद्दे पर भी बात करेंगे।' इसके अलावा, कई समझौते और घोषणाएं होने की भी संभावना है। इस दौरान रक्षा, ऊर्जा, विकास साझेदारी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर गौर किया जाएगा। वियतनाम के लिए उच्च गति वाली गार्ड नौकाओं के लिए भारत की रक्षा पंक्ति के कार्यान्वयन को और आगे बढ़ाया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग में नए अवसरों का भी पता लगाया जाएगा।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा- मिड-डे-मील बनाने वाले रसोइयों को एक हजार वेतन देना बंधुआ मजदूरी

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि मिड-डे-मील रसोइयों को एक हजार रुपये वेतन देना बंधुआ मजदूरी है। इसे संविधान के अनुच्छेद-23 में प्रतिबंधित किया गया है। कोर्ट ने प्रदेश के सभी रसोइयों को न्यूनतम वेतन का भुगतान करने का सामान्य समादेश कर पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।**



**प्रयागराज, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी और अर्द्ध सरकारी प्राइमरी स्कूलों में मिड-डे-मील बनाने वाले रसोइयों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने प्रदेश के सभी रसोइयों को न्यूनतम वेतन का भुगतान करने का सामान्य समादेश कर पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मिड-डे-मील रसोइयों को एक हजार रुपये वेतन देना बंधुआ मजदूरी है। इसे संविधान के अनुच्छेद-23 में प्रतिबंधित किया गया है।

हाई कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मूल अधिकार के हनन पर कोर्ट में आने का अधिकार है। वहीं सरकार का भी सांविधानिक दायित्व है कि किसी के मूल अधिकार का हनन न होने पाए। सरकार न्यूनतम वेतन से कम वेतन नहीं दे सकती। कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मिड-डे-मील बनाने वाले प्रदेश के सभी रसोइयों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत निर्धारित न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित करे।

हाई कोर्ट ने सभी जिलाधिकारियो को इस आदेश पर अमल करते हुए रसोइयों को न्यूनतम वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया है। केंद्र और राज्य सरकार को चार माह के भीतर न्यूनतम वेतन तय करके 2005 से अब तक सभी रसोइयों को वेतन अंतर के बकाये का निर्धारण करने का आदेश दिया है। यह महत्वपूर्ण फैसला न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने बेसिक प्राइमरी स्कूल पिनसार बस्ती की मिड-डे-मील रसोइया चंद्रावती देवी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची को एक अगस्त 2019 को हटा दिया गया था। उसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

याची का कहना था कि उसने एक हजार रुपये मासिक वेतन पर पिछले 14 साल सेवा की है। अब नए शासनादेश से स्कूल में जिसके बच्चे पढ़ रहे हो उसे रसोइया नियुक्ति में वरीयता देने का नियम लागू किया गया है। याची का कोई बच्चा प्राइमरी स्कूल में पढ़ने लायक नहीं है। इससे उसे हटाकर दूसरे को रखा जा रहा है। बताया कि अब वेतन भी 1500 रुपये कर दिया गया है। वह खाना बनाने को तैयार है।

कोर्ट ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति पावरफुल नियोजक के विरुद्ध कानूनी लड़ाई नहीं लड़ सकता। न ही वह बारगेनिंग की स्थिति में होता है। कहा कि संविधान का अनुच्छेद-23 बंधुआ मजदूरी को प्रतिबंधित करता है। एक हजार वेतन बंधुआ मजदूरी ही है। याची 14 साल से शोषण सहने को मजबूर है। सरकार ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। न्यूनतम वेतन से कम वेतन देना मूल अधिकार का हनन है। कोर्ट ने आदेश का पालन करने के लिए प्रति मुख्य सचिव व सभी जिलाधिकारियों को भेजे जाने का निर्देश दिया है।

## ब्रिटेन में कोरोना की नई स्ट्रेन से हड़कंप, भारत में स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात बैठक, दूसरे मुल्कों ने फ्लाइटों के आने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** ब्रिटेन में कोरोना वायरस का एक बदला हुआ खतरनाक रूप सामने आया है। इससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। वायरस के इस नए स्वरूप पर चर्चा करने के लिए भारत में स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने संयुक्त निगरानी समूह (जेएमजी) की सोमवार को आपात बैठक बुलाई है। एक सूत्र ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अगुआई में यह बैठक होगी। भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ. रोडेरिको एच ओफ्रिन भी बैठक में शामिल हो सकते हैं। डॉ. रोडेरिको एच ओफ्रिन संयुक्त निगरानी समूह यानी जेएमजी के सदस्य भी हैं। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में नए वायरस के चलते तेजी से संक्रमण फैल रहा है। इसको देखते हुए लंदन और इंग्लैंड के कुछ इलाकों में रविवार से सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। इसके चलते एकबार फि?र लाखों लोग घरों के भीतर रहने को मजबूर हो गए हैं। यही नहीं आलम यह है कि गैर-जरूरी वस्तुओं की दुकानें और प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए गए हैं। माना जा रहा है कि कोरोना वायरस का नया प्रकार देश में संक्रमण को तेजी से फैलाने के लिए जिम्मेदार है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बीते दिनों कहा था कि ऐसा लग रहा है कि कोरोना वायरस का नया रूप दुनिया के सामने आ गया है जो पहले के वायरस के मुकाबले 70 फीसद ज्यादा तेजी से फैलता है। कोरोना की इस नई स्ट्रेन से दहशत का आलम यह है कि यूरोप के कई देशों ने ब्रिटेन से आने वाली विमान सेवाओं पर भी पाबंदी लगा दी है। समाचार एजेंसी एपी ने अपनी रिपोर्ट के मुताबिक, नीदरलैंड का कहना है कि उसने ब्रिटेन से आने वाली उड़ानों पर रोक इसलिए लगाई है ताकि इसका प्रकोप उसकी सीमा तक नहीं पहुंचे। कोरोना के इस नए प्रकार को लेकर वैज्ञानिक भी अध्ययन में जुट गए हैं। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि हाल में ही कोरोना की लहर इस नए स्ट्रेन से जुड़ी तो नहीं है। वैज्ञानिकों ने वायरस के इस नए प्रकार को 'वीयूआइ 202012/01' नाम दिया है।

## दिल्ली-एनसीआर में सर्दी ने तोड़ा रिकॉर्ड, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**उत्तरी भारत के ज्यादातर हिस्सों में औसत न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। तापमान में गिरावट के साथ कंपाने वाली सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर जितनी बर्फबारी होगी मैदानों में उतनी ही ठंड बढ़ेगी।**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीतलहर के कारण मैदानों से लेकर पहाड़ों तक कड़ाके की ठंड चल रही है। उत्तर भारत के अधिकतर शहर शीत लहर की चपेट में हैं। दिल्ली-एनसीआर में 3.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान ने सर्दी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी राज्यों में ठंड जो सितम ढा रही है, उसकी मुख्य वजह पहाड़ों पर भारी बर्फबारी है।

उत्तरी भारत के ज्यादातर हिस्सों में औसत न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया। तापमान में गिरावट के साथ कंपाने वाली सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर जितनी बर्फबारी होगी, मैदानों में उतनी ही ठंड बढ़ेगी।


दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 3. 4 डिग्री रहा। वहीं इसने 10 साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले 2011 में 16 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री था। दिसंबर के आखिर तक दिल्ली का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले सप्ताह तक ऐसी ही ठंड की स्थिति बने रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, एक हफ्ते बाद कुछ राहत मिलने की उम्मीद की जा सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सप्ताह उत्तर भारत में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा। विभाग ने 24 से 30 दिसंबर तक के लिए अपने पूवार्नुमान में कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 24 दिसंबर तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में शीत लहर बढ़ जाएगी। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में शीतलहर सोमवार तक जारी रह सकती है। अमृतसर में पारा 0.4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने के साथ पंजाब-हरियाणा शीतलहर की चपेट में हैं।

मध्य प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दतिया में तो न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है।भोपाल मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक जीडी मिश्रा के मुताबिक मध्य प्रदेश के 23 वेदर स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान 3 से लेकर 10 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इनमें से छह वेदर स्टेशन ऐसे हैं जहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। कश्मीर में खून जमाने वाली ठंड से लोग कांप उठे हैं। शनिवार को श्रीनगर का न्यूनतम तापमान -6.6 और जम्मू का 3.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले सात दिनों से धुंध और कोहरे से कांप रहे लोगों को धूप के बाद मामूली राहत मिली पर अभी भी पूरे प्रदेश में तापमान सामान्य से नीचे है। कश्मीर में जल स्त्रोत जम चुके हैं। पिछले दस वर्षों के दौरान यह दूसरी बार है जब दिसंबर में श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -6 डिग्री से नीचे चला गया है। इस सीजन की श्रीनगर में सर्द रात गुजरी। हिमाचल प्रदेश के केलंग, कल्पा, सुंदरनगर, भुंतर, सोलन, मंडी, चंबा और ऊना आदि स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश के अधिकतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिन ऐसी ही कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के उप निदेशक मुख्तार अहमद ने कहा कि 21 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते वादी के उच्च पर्वतीय इलाकों में हलका हिमपात व बारिश हो सकती है जो 22 शाम तक रहेगा। 21 से वादी में 40 दिवसीय चिलेकलां शुरू हो रहा है।

## किसानों से अब फिर होगी बात, गतिरोध खत्म करने के लिए हरसंभव विकल्प अपनाने को तैयार है सरकार

**बंगाल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक प्रश्न के जवाब में गृह मंत्री शाह ने कहा मुझे समय की जानकारी नहीं है लेकिन तोमर कल या परसों में किसान प्रतिनिधियों से उनकी मांगों पर चर्चा के लिए मिलेंगे। अब तक सरकार किसानों से पांच दौर की वार्ता कर चुकी है।**



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** कृषि कानूनों को लेकर बने गतिरोध को खत्म करने की दिशा में कुछ प्रगति होती दिख रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एक-दो दिन में आंदोलनकारी किसान संगठनों से मुलाकात करेंगे। वार्ता के लिए दरवाजे खुले रखने के साथ ही सरकार सुप्रीम कोर्ट के रुख के अनुरूप समिति गठित करने की भी तैयारी कर रही है। समिति के लिए सदस्यों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें देरी सिर्फ इसलिए हो रही है क्योंकि पिछली सुनवाई में किसान संगठनों की ओर से कोई आया ही नहीं था। संगठनों ने समिति के सदस्यों के लिए नाम नहीं दिए हैं।

बंगाल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक प्रश्न के जवाब में गृह मंत्री शाह ने कहा, 'मुझे समय की जानकारी नहीं है, लेकिन तोमर कल या परसों में किसान प्रतिनिधियों से उनकी मांगों पर चर्चा के लिए मिलेंगे।' अब तक सरकार किसानों से पांच दौर की वार्ता कर चुकी है। हालांकि तीनों नए कृषि कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े किसानों के रुख के कारण कोई हल नहीं निकल पाया। कृषि सुधार के लिए संसद से पारित तीन कानूनों को लेकर नाराज पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान संगठन आंदोलन कर रहे हैं। वहीं अब देश के कई हिस्सों से किसान संगठन कृषि कानूनों के समर्थन में भी खड़े होने लगे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में जिस तरह समिति बनाने की बात कही है, सरकार ने पहले ऐसा ही प्रस्ताव दिया था। दिसंबर की शुरूआत में सरकार की ओर से किसान संगठनों को एक छोटी समिति बनाने का सुझाव दिया गया था ताकि बातचीत से समाधान निकाला जा सके। सरकार इस समिति में अपनी ओर से मुख्यतः एक दो अधिकारियों के अलावा विशेषज्ञों को ही रखना चाहती है, जो खेती और किसानी को लाभप्रद बनाने के लिए वर्षो से काम करते रहे हैं।

दूसरी ओर, किसानों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकार की ओर से लिखित प्रस्तावों पर भी उनका कोई जवाब नहीं आया था। सरकार ने अपनी दूसरी और तीसरी वार्ता के दौरान ही एक विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव रखा था। उस समय किसान संगठनों के नेताओं के बीच परस्पर सहमति नहीं बन पाई थी। सभी संगठन के नेताओं को समिति में जगह मिलना संभव नहीं था। लिहाजा प्रस्ताव खारिज हो गया। कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने उस समय कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। वार्ता में सभी लोग शामिल हो सकते हैं। सरकार के साथ हुई वाताओं में कुछ नेताओं का रुख आक्रामक था, जो समाधान की राह में बाधा बने हुए हैं।

किसान संगठनों के नेता कृषि कानूनों को रद करने की अपनी जिद पर अड़े हैं। संसद से पारित कृषि सुधार के तीनों कानूनों को रद करने की मांग के साथ उन्होंने अपनी मांग में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी भी जोड़ ली है। सरकार एमएसपी के साथ खाद्यान्न की सरकारी खरीद जारी रखने की मांग के समर्थन में लिखित आश्वासन देने को तैयार है। लेकिन किसान संगठनों की जिद कानूनों को रद करने और एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने की है।

दिल्ली बार्डर पर कड़ाके की ठंड के बावजूद आंदोलन कर रहे किसान नेताओं को समझाने और उनकी आशंकाओं को दूर करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई मंचों से कृषि सुधार के कानूनों के बारे में किसानों को राजनीतिक दलों के बहकावे में आने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि किसानों की हर आशंका का समाधान किया जा सकता है। इसके लिए सरकार तैयार है।

## आंदोलन लंबा खिंचने और केंद्र से बातचीत बंद होने से दुखी हैं दिल्ली-एनसीआर के किसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** किसान आंदोलन लंबा खिंचने से दिल्ली बार्डर पर विभिन्न धरनास्थलों में शामिल किसान अब परेशान हो गए हैं। इन किसानों की परेशानी यह भी है कि किसान संगठनों के नेताओं ने आंदोलन शुरू करने के बाद राजनीतिक दलों के दबाव में तीनों कृषि कानूनों को रद करने का मुद्दा उठाया। पहले जो किसान नेता सिर्फ यह चाहता था कि एमएसपी की गारंटी और मंडी व्यवस्था बहाल करने के बाद इन कृषि कानूनों से उन्हें कोई समस्या नहीं है, अब वह भी दूसरी भाषा बोल रहा है। गाजियाबाद, सोनीपत, पलवल में धरनों में शामिल किसानों ने तो किसान संगठनों से अपील की है कि केंद्र सरकार से वार्ता के दरवाजे बंद नहीं करने चाहिए। गाजियाबाद के किसान नीरज त्यागी ने बताया कि दिल्ली के बार्डर पर जो स्थिति बन गई है उससे तो परेशान जनता किसानों को अपना दुश्मन मानने लगी है। बार्डर पर अड़ियल रवैया अपनाने से नहीं वार्ता से ही समस्या का हल निकल सकेगा। गाजियाबाद के किसान महेश त्यागी ने बताया कि करीब एक महीना होने को है और किसानों की मांगों को नहीं माना गया। किसानों को मांग मनवाने के लिए वार्ता पर जोर देना चाहिए। बार्डर पर अड़ने से हल निकलने वाला नहीं। किसान बलजीत सिंह ने कहा कि हम 22 नवंबर से इस आंदोलन से जुड़े हुए हैं। फिलहाल कुंडली बार्डर पर जमे हैं। अब काफी समय हो गया है। घर और खेती संभालना भी जरूरी है। इसलिए वापस जाने की सोच रहे हैं। समय मिला तो दोबारा आंदोलन से जुड़ेंगे, क्योंकि अब इसके लंबा खिंचने के भी आसार दिखने लगे हैं। सरकार कानून रद नहीं करने पर अड़ी है तो किसान भी कानून रद करवाने पर अड़े हैं। इससे तो बातचीत का रास्ता ही बंद हो गया है। एक लाइन पकड़कर जिद ठानने से तो बात नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से उम्मीद है कि जल्द ही कोई न कोई बीच का रास्ता अवश्य निकलेगा। पलवल के किसान पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों को आंदोलन का एक रुख तय करना चाहिए। हम किसान आंदोलन के नेताओं की बयानबाजी सुन रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे अपने दिल से नहीं बोलते बल्कि उनके शब्द कुछ राजनेता गढ़ रहे हैं। आंदोलन लंबा खींचने का मतलब है कि इसमें कमजोरी लाना। वैसे भी किसान संगठनों को केंद्र सरकार से वार्ता के द्वार बंद नहीं करने चाहिए थे। हमारा तो यह भी सवाल है कि पहले जो नेता तीन कृषि सुधार कानूनों के अलावा एमएसपी की गारंटी का कानून चाहते थे, वे अब अपनी भाषा क्यों बदल रहे हैं।

## संक्षेप समाचार

### यूपी बोर्ड शताब्दी वर्ष लोगो और गीत प्रतियोगिता 28 से

**प्रयागराज।** शताब्दी वर्ष समारोह के लिए यूपी बोर्ड लोगो और गीत प्रतियोगिता शुरू करने जा रहा है। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को पत्र भेजकर अपने-अपने अधीन जिलों के विद्यालयों में 28 दिसम्बर से 4 जनवरी के बीच ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता के तहत प्रत्येक विद्यालय से प्रतीकात्मक लोगो एवं शताब्दी गीत के लिए अलग-अलग सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन प्रविष्टियां 5 जनवरी तक जनपद स्तर पर प्राप्त की जाएंगी। जनपद स्तर पर प्राप्त प्रविष्टियों में से उक्त दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियां प्रतियोगियों के नाम एवं विद्यालय के नाम सहित मंडल स्तर पर 7 जनवरी तक प्राप्त की जाएंगी। मंडल स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तीन-तीन प्रविष्टियों का चयन कर यूपी बोर्ड मुख्यालय को 9 जनवरी 2021 तक अनिवार्य रूप से भेजा जाएगा। प्रविष्टियां हार्ड कापी एवं साफ्ट कॉपी दोनों तरीके से मंगाई गई है। प्रदेश स्तर पर प्रत्येक श्रेणी चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों को शताब्दी समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# कृषि के तीन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर शहीद किसानों को दी श्रद्धांजली

**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आवाह्न पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने रविवार के दिन कृषि के तीन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर दिल्ली बार्डर पर 38 शहीद किसानो का शोक सभा कर श्रद्धाजली देकर रैली निकाली।

सभाओं का प्रारम्भ शहीद किसानो के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित कर नारे लगाकर किया गया।आंदोलन रत शहीद किसान अमर रहे, शहीद किसानो को लाल सलाम, खेती के तीन नए कानून रद्द करो,बिजली बिल 2020 रद्द करो, 24जून 2019 का बोट पर लगी रोक वापिस लो, आंदोलन में किसानो पर दर्ज सभी केस वापिस लो, कारपोरेट पक्षधर नीतियां रद्द करो, गरीबों को खेती- आवास के पट्टे दो, सभी गरीबों को आवास दो आदि के नारे बुलंद किए गए। सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा खेती के तीन नए कानून खेती व मण्डियो मे कारपोरेट का कब्जा कराकर किसानों व व्यापारियों को बर्बाद कर देगी।



घूरपुर में कृषि के तीन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते एकेआईएमएस के सदस्य

ठेका खेती किसानो को कर्ज में फसाकर किसानो की जमीन नीलाम कर भूमिहीन बना देगी।

नया आवश्यक वस्तु कानून भंडारण की खुली छूट देकर कालाबाजारी को और खाना महंगा करने की छूट देगा।

सरकार खेती के तीन नए कानून वापिस लेने के बजाए किसानों के आंदोलन को विपक्षी दलों से जुड़ा हुआ बता रही है।और निराधार तर्क देकर कह रही है कि वह समस्या हल कर चुकी है। जो कुछ भी सरकार कह रही है, किसानों की जमीन नाचने और एमएसपी जारी रहने के बारे में, उसका लिखित कानून उसके खिलाफ लिखता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने नदी में नाव द्वारा खनन का काम रोक कर लाखों खदान मजदूरों को बेरोजगार कर दिया है जिसके खिलाफ पूरे घाटी के बालू मजदूरों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है और मजदूरों व अन्य लोगों में गुस्सा व्याप्त है। विरोध प्रदर्शन व श्रद्धांजली जसरा, बसवार, रेही, कुल्हड़ियां, गन्ने में आयोजित कर रैली निकाली गई। इस मौके पर हीरालाल, राजकुमार, सुरेश निषाद, विनोद निषाद, रामू, करन, चौधरी बिंद, धर्मेंद्र शर्मा, रोहित, रामपाल, सुरेन्द्र पटेल, रामतीरथ पटेल, राधिका पटेल ,मुन्ना लाल, दीनबंधु, हरिश्चंद्र, मलती बिंद, शान्ती देवी, वंदना आदि ने विचार व्यक्त किए।

### चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर आभूषण व नगदी सहित लाखों का सामान किया पार

**जारी।** कौंधियारा थाना के जारी चौकी के अन्तर्गत जारी अहिरान मार्ग पर शानिवार की बीती रात मिली जानकारी के नुसार जारी निवासी अभय राज यादव पुत्र सुख लाल यादव के घर मे चोरो ने घर का दरवाजा तोड़कर बक्से में रखा लगभग डेढ़ लाख का आभूषण व चालीस हजार नगदी समेत ढाई लाख रुपये का सामान पार कर दिया सबुह होते ही घर के परिजनों की नजर पड़ी तो जैसे पैरो तले जमीन खिसक गई हो चोरी की सूचना मिलते ही लोगो की भीड़ जुट गईं एक सप्ताह में 3 जगह लाखो रुपये की चोरिया हुई लेकिन अभी तक कोई भी सुराग हाथ नही लगा सूचना पर पहुँची डायल 112 व जारी चौकी प्रभारी मनीष सिंह पूंछताछ कर-के जाँच में जुट गए।


राजगीर की मौत के बाद गमजदा परिजन

# चहली से गिरे राजगीर मिस्त्री की मौत, कोहराम

**शंकरगढ़।** मकान की जोड़ाई कर रहे राजगीर का अचानक पैर फिसलने से चहली से नीचे गिर जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे वहां मौजूद लोगों द्वारा नजदीक के अस्पताल में लाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शंकरगढ नगर पंचायत के चिकान टोला निवासी घूरे लाल राजगीरी का काम करता है।उसका छोटा बेटा बब्बू 22 भी राजगीरी का काम करता था।रविवार को वह शिवराजपुर के एक पेट्रोल पंप में जोड़ाई का काम कर रहा था कि अचानक चहली टूट जाने के कारण से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके गिरने के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा नजदीक के अस्पताल में लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।बब्बू की मौत की खबर घर में पहुंचने पर रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए।बब्बू की मौत से घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मुनादी होने पर दुकानदारों में मचा हड़कम्प

**करछना।** सड़क के चौड़ीकरण के लिए एनएच द्वारा कराई गई मुनादी के बाद व्यापारियो और प्रभावित लोगो मे दहशत व्याप्त है व्यापारी और प्रभावित लोग आशा कर रहे थे कि उन्हे अन्यत्र व्यवस्थित होने के लिए कुछ व्यवस्था की जाएगी लेकिन जिस तरह से काम की शुरूआत की गई है उससे उन्हे सप्ताहभर के अदर अपने मकानो को गिराने की मुनादी शनिवार शाम को कराने से कई लोगो का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है तो कई के सर छत भी छिन रही है। जिसको लेकर व्यापारियो न प्रशासन से कुछ मोहलत मागी जा रही है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई आश्वासन न मिलने से व्यापारियो मे मायूसी छाई है और मुआवजे को लेकर व्यापारी माग कर रहे है और कई व्यापारी कोर्ट मे भी मुआवजे के लिए गुहार लगा सकते है।

# मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत पार किया लाखों रूपए का माल, हड़कंप

## शिवगढ़ चैराहे पर स्थित अजीत मोबाइल शॉप की दुकान से हुई चोरी

**सोरांव, नवाबगंज एवं मऊआइमा में लाखों की चोरी से ग्रामीणों में चोरों के प्रति दहशत, पुलिस के प्रति उठ रहे है सवाल**

**सोरांव।** शिवगढ़ चैराहे पर स्थित अजीत नामक मोबाइल शॉप की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों का माल खंगाल ले गये। सुबह मोबाइल की दुकान से चोरी की खबर लोगों में पहुंची, तो खलबली मच गई। चोरी की खबर पाकर मौके पर दुकान का स्वामी पहुंचकर दुकान के अंदर अस्त-व्यस्त सामान देखकर दंग रह गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है। जबकि चोरी के बाद लोगों में दहशत बना रहा। पुलिस अज्ञात चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कर



मोबाइल शाप में चोरी के बाद बिखरा सामान व सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

चोरों का पता लगाने में जुट गई है। घटना सोरांव इलाके की है।

सोरांव थानाक्षेत्र के हाजीगंज गांव निवासी अजीत जायसवाल शिवगढ़ चैराहे पर अजीत मोाबइल शॉप नामक दुकान खोल रखा है। रोज की तरह शनिवार को वह दुकान बंद कर घर चला गया। बीती रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर दाखिल होकर दुकान में रखा 10 हजार रूपए नगदी समेत कीमती मोबाइल, लैपटॉप समेत लाखों रूपए का सामान खंगाल ले गये। रविवार की सुबह जब पास-पड़ोस के लोग उठकर बाहर निकले, तो दुकान का टूटा ताला देखकर दंग रह गये। चोरी की खबर पाकर प्रतिष्ठान स्वामी अजीत कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचकर दुकान के अंदर बिखरा सामान एवं चोरी देख दंग रह गया। सूचना मिलने के बाद सोरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर वापस लौट गई। हालांकि घटना के बाद जहां लोगों में दहशत बना रहा। वहीं चोरी के खुलासे को लेकर लोगों को इंतजार है।

# उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगा भागीदारी संकल्प मोर्चा : डॉ.महेश चंद्रा प्रजापति

**खीरी।** क्षेत्र में सुनील प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी (पी.)के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री डॉ महेश चंद्रा प्रजापति ने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव में भागीदारी संकल्प मोर्चा सरकार बनाएगा क्योंकि अति पिछड़े समाज की की आबादी प्रदेश में 43 प्रतिशत, मुस्लिम 22% इस प्रकार भागीदारी संकल्प मोर्चा के पास 65% वोट इकट्ठा हो चुका है शेष 35% में भी बंटवारा होगा इस प्रकार 2022 में भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनेगी।

श्री प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ी है कानून व्यवस्था लचर हो गई है किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है ऐसी सरकार से निजात दिलाना जरूरी हो गया है पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर जी के नेतृत्व में बनाए गए



जनसभा को संबोधित करते डॉ. महेश चन्द्रा प्रजापति

भागीदारी संकल्प मोर्चा में पहले से आठ दल शामिल थे जिसमें बाबू सिंह कुशवाहा, प्रेमचंद प्रजापति, कृष्णा पटेल, बाबू रामपाल, रामकरण कश्यप, अनिल सिंह चौहान, रामसागर बिंद, असदुद्दीन ओवैसी के आने से 9 लोग हो गए अभी कुछ और दलों को शामिल किया जाएगा इस प्रकार भागीदारी संकल्प मोर्चा प्रदेश में 403 विधानसभाओं पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे श्री प्रजापति ने कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा के पास 70 फीसदी वोट है यह मोर्चा इस बार चौंकाने वाला परिणाम लेकर आएगा इस प्रदेश में पानी 20रू0 लीटर बिक रहा है और किसान का धान 10रू0 किलो बिक रहा है यह सरकार उद्योगपतियों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है, सरकार किसानों का धन दोगुना कर रही है जो यूरिया कांग्रेस की सरकार में 50 किलो की बोरी 266.20 पैसे में मिलती थी मोदी की सरकार में वही यूरिया 5 किलो कम करके 45 किलो की बोरी 300 में बेच रहे हैं यह सरकार उद्योगपतियों की सरकार है गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर 712 रुपए में हो गया है जबकि पूर्वर्ती सरकार में यही सिलेंडर 340 में मिलता था सरकार डीजल पेट्रोल पर जीएसटी नहीं लगा रही है क्योंकि यह कारोबार अडानी और अंबानी का है।

पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर विकास सिंह पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था की देश नहीं, बीकने दूंगा लेकिन रेलवे, बैंक, एयरपोर्ट, एलआईसी, कोयला, शिक्षा, बिजली, पानी सब बेच रहे हैं केंद्र सरकार के पास 92 विभाग है जिसमें से 52 विभाग नरेंद्र मोदी ने बेचने का कार्य किया देश में किसानों की आय दोगुनी करने के बजाय किसानों से यूरिया का धन दोगुना किया यह सरकार किसान विरोधी सरकार है इस सरकार को उलट ने का काम भागीदारी संकल्प मोर्चा करेगा, इस अवसर पर एडवोकेट रमेश चंद प्रजापति, मनोज प्रजापति सुनील प्रजापति आदि पदाधिकारी गढ़ उपस्थित रहे।

# कोरोना के प्रति लोगों को किया जागरूक

**सहसों।** सहसों बाजार में नव युवकों ने कोविड-19 के नियम पालन के तहत कोरोना के प्रति ग्रामीणों व बाजार वासियों को किया जागरूक। नव युवकों ने एक टोली बनाकर माक्स व सैनिटाइजर के साथ कोरोना वायरस से होने वाले खतरों में सावधानी को लेकर बचाव को लेकर लोगों को विनम्रता के साथ आगाह किया एवं लोगों को इसके बचाव के बारे में भी बताई। कोरोना वायरस से बचाव के निम्न प्रकार के तौर तरीके से जनता के सामने रखें। इस महामारी के चलते जागरूकता पूर्वक सजग रहने को बताया गया। इन उत्साहित युवकों ने बताया कि सामाजिक दूरी बनाए रखेंए कई लोग एक जगह एकत्रित ना हो, सैनिटाइजर का प्रयोग करें, साबुन से हाथ धोएं और मास्क लगाएं, दो गज की दूरी भी बनाएं क्योंकि ऐसा करने से संक्रमण का खतरा दूर होता है एवं संक्रमण के बढ़ने से बचा जा सकता है। लोगों से सार्वजनिक व अन्य जगहों पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की अपील की। नव युवकों की टोली की अगुवाई करते हुए समाज सेवी हिमांशू सिंह ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को कोरोना संक्रमण का खतरा के बारे में बताना हैए ग्रामीण कोरोना संक्रमण के खतरों से बेपरवाह हैं। इसमें धरिकार बस्ती, मलिन बस्ती में जाकर बच्चों, बुजुर्गो व महिलाओं को जागरूक किया गया। इस जागरूकता टोली में हरि ओम जी, डॉक्टर शीलवंत सिंह आदि रहे।

# धान विक्रय को लेकर किसानों को हो रही फजीहत

**खीरी।** क्रय केंद्र प्रभारी एवं अधीनस्थ अधिकारियों के मनमानी के चलते अन्नदाता को तैयार फसल को बेचने में काफी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है' जहां एक और राज्य एवं केंद्र सरकार किसानों के हित को लेकर नित नए आदेशों को पारित कर एवं उन्हें सुचारू रूप से प्रारंभ कराने हेतु तत्पर है वहीं दूसरी ओर फसल तैयार होने के बाद किसानों को क्रय केंद्र एवं सीएससी पर ऑनलाइन कराने को लेकर चक्कर लगाना पड़ रहा है' बताते चलें कि कोरांव तहसील अंतर्गत कल्याणपुर, बहरैचा, मोजरा आज गांव के किसान पहले खीरी क्रय केंद्र पर अपने अनाज को बेचा करते थे। परंतु इस वर्ष केंद्र पर जाने पर केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि आपका गांव खीरी केंद्र से हटा दिया गया तथा अब आप अपनी फसल को प्राइवेट सेंटरों में बेचेंगे तत्पश्चात किसान प्राइवेट सेंटर पर पहुंचे जहां वह सेंटर बंद मिला। निराश होकर किसान अपने घर की तरफ चल दिए और कहा कि अगर ऐसे ही किसानों का शोषण होता रहा तो जल्द ही अन्नदाता खेती किसानी छोड़ दिया करेंगे' स्थानीय विधायक एवं स्थानीय सांसद एवं उप जिलाधिकारी कोरांव से कल्याणपुर , सोहागी, बहराइचा आदि गांव के किसानों ने निवेदन किया कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान कराया जाए' अन्यथा स्थानीय किसानों को अपनी अनाज को औने पौने दाम पर बाजार में बेचना होगा। जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा क्योंकि जल्द ही आगामी फसल की भी तैयारी करनी है' वहीं दूसरी ओर खीरी क्रय केंद्र प्रभारी का नंबर प्राय बंद रहता है। जिससे कारण किसान उनसे बात नहीं कर पाते और उनकी समस्या का निदान नहीं हो पाता' किसान सभाजीत यादव, त्रिभुवन नाथ, शिव शंकर पांडे ,पुष्पराज, मिथिलेश, भीमसेन, कामता पांडे, राम सजीवन ,दिनेश यादव आदि लोगों ने जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की।


### भुगतान के लिए ब्लाक और बैंक की परिक्रमा कर रहे हैं प्रधान गण

**करछना।** विकास खण्ड करछना के ज्यादात्तर गांवो मे प्रधानो द्धारा कराये गये विकास कार्यो का भुगतान न होने से उनके सामने समस्ये खडी हो गई है क्योकि 25 दिसम्बर से कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसके बाद भुगतान के लिए उन्हे ब्लाक और बैंक का चक्कर काटना पडेगा बता दे कि गावो मे विकास कार्यो को कराया गया लेकिन खाते मे पैसा न होने के कारण भुगतान नही हो रहा जिससे कई प्रधान भुगतान न होने के कारण मजदूरो और सामग्री का पैसा नही दे पा रहे है जिससे उनके सामने समस्या खडी हो गयी है।क्षेत्र के डीहा रामगढ,कचरी देहली भगेसर तरौल सहित दर्जनो ग्राम प्रधान स्कूल की बाउडी खडंजा रीबोर आदि कार्य करवाये है लेकिन उनका अभी तक भुगतान न होने से ऐसे प्रधानो मे पैसे को लेकर मायूसी छाई है।

# एडीजी जोन औचक निरीक्षण करने पहुंचे घूरपुर थाने, हड़कप

**घूरपुर।** घूरपुर थाने में रविवार के दिन एडीजी जोन प्रेम प्रकाश अचानक पहुंचे तो पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। थाने में पहुंचे एडीजी जोन ने थाने के महिला संबंधित मुकदमों समेत लंबित मुकदमों के बारे में जानकारी लेते हुए अभिलेखों की गहनता से जांच पड़ताल की।

एडीजी जोन प्रेम प्रकाश रविवार की शाम लगभग चार बजे अपने दल बल के साथ घूरपुर थाने में प्रवेश किया तो पुलिस कर्मियों में सनसनी फैल गई। इधर उधर टहल रहे पुलिस कर्मी मुस्तैदी के साथ अपने कामों में जुट गए। एडीजी ने सबसे पहले थाने में खुले महिला हेल्फ डेस्क में प्रवेश किया और वहां तैनात महिला कर्मी से महिलाओं से संबंधित शिकायतों और उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली । उसके बाद उन्होंने थाने में लंबित मुकदमों के बारे में जानकारी ली। और अभिलेखों की गहनता से जांच की। इस बीच मौजूद पुलिस कर्मियों को लगन और निष्ठा के साथ अपनी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की हिदायत दी। इस बीच थाने में हड़कम्प मचा रहा।


घूरपुर थाने के अभिलेखों की जांच करते एडीजी जोन

# प्रयागराज हलचल




## संक्षेप समाचार

### बेटी ब्याहें उस घर में शौचालय हों जिस घर में : श्रीमती अर्चना कुशवाहा

**करमा।** स्वच्छता अपनाने से व्यक्ति रोगमुक्त रहता हैं साथ ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी होता हैं ।अतः हर व्यक्ति को जीवन में स्वच्छता अपनानी चाहिए और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए उक्त बातें जसरा विकास खण्ड कें रेही तालुका बैजला की ग्राम प्रधान श्री मती अर्चना कुशवाहा नें शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कें उद्घाटन कें दौरान व्यक्त की आगे श्रीमती कुशवाहा नें यह भी बोली कि लोगों को खुलें में शौच नही जाना चाहिए क्योंकि इससे अनेकों बीमारियाँ हैजा , पेचिस , पोलियों , टायफायड इत्यादि शरीर को प्रभावित एवम जानलेवा बीमारियाँ जन्म लेती हैं साथ ही ग्राम प्रधान श्रीमती अर्चना कुशवाहा नें यह भी बोली कि समाज कें सभी लोगों को प्रयास करना चाहिए कि उनके घर में शौचालय जरूर हों और यह सुनिश्चित हों कि किसी भी कीमत पर बहन -बेटियों को शौच कें लिए बाहर न जाना पड़े श्री मती कुशवाहा नें आगे यह भी कही कि विगत पाँच वर्षो कें कार्यकाल में उन्होने बेटियों एवम नारी सशक्तिकरण कें दिशा में उनका निरन्तर प्रयास जारी हैं तथा पात्र लोगों को आवास, शौचालय, मार्ग, विधवा पेंशन इत्यादि योजनाओं का भी ग्रामीणों को लाभान्वित की ।

## स्कूल के चपरासी ने फांसी लगाकर दी जान



**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर स्थित दून पब्लिक स्कूल में 38 वर्षीय चपरासी संजय पटेल पुत्र तुलसीराम ने शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। खुदकशी का कारण साफ नही हो सका है। संजय पटेल कालिंदीपुरम मुहल्ले में अपने परिवार के साथ रहता था। वह राजरूपपुर स्थित दून पब्लिक स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। शनिवार रात वह स्कूल में रात्रिकालीन ड्यूटी पर था। इस दौरान उसने बच्चों के खेलने वाली रस्सी का फंदा बनाकर पंखे के चुल्ले से लटक गया। रविवार सुबह आसपास के लोगों की नजर स्कूल के भीतर गई तो फंदे से लटकते युवक को देख चौंक पड़े।

संजय की फांसी के फंदे से लटकती लाश देखकर लोगों ने स्कूल की प्रिंसिपल मंजू को बताया। प्रिंसिपल ने पुलिस को तत्काल मामले की सूचना दी। कुछ ही देर में इंस्पेक्टर धूमनगंज अरुण चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी चंद्र भानु मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खुलवाकर जांच पड़ताल शुरू की। जानकारी होने पर थोड़ी देर बाद रोते बिलखते घरवाले भी आ गए। इंस्पेक्टर धूमनगंज का कहना है कि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नही मिला है। आत्महत्या का कारण साफ नही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति और साफ होगी।



## जगतगुरु विनैका बाबा पहुंचे संगम नगरी

**प्रयागराज।** साकेत धाम पीठाधीश्वर जगतगुरु विनायका बाबा रविवार की शाम संगम नगरी पहुंचे। जैसे हैं भक्त जनों को पता चला कि जगतगुरु विनायका बाबा का आगमन संगम नगरी में हुआ है तो भक्तजनों का तांता लग गया। शिष्यों जगतगुरु पीठाधीश्वर विनायका बाबा को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं दूसरी तरफ जगतगुरु विनायका बाबा ने शिष्यों कोआशीर्वाद प्रदान किया। संगम की रेती पर जमीन आवंटन कराने के लिए विनायका बाबा उज्जैन से संगम नगरी पधारे हैं। उन्होंने जनसंदेश टाइम्स को बताया कि 23 तारीख को जमीन आवंटन होने वाली है। उसी के सिलसिले में संगम नगरी आए हैं। इसके पश्चात 2 जनवरी से माघ मेला में साकेत धाम शिविर लगेगा।

## लखनऊ से प्रयागराज के लिए जल्द शुरू होगी हवाई उड़ान सेवा

**प्रयागराज।** प्रयागराज के लोगों के लिए यह अच्छी खबर है। वह यह कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रयागराज के लिए जल्द हवाई उड़ान सेवा शुरू हो सकती है। यह आश्वासन उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के मुख्य एयरपोर्ट रिजनल कनेक्विटी स्कीम से जोड़े जाएं। इसे लेकर मंत्री नंदी उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी कर चुके हैं।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदी ने हवाई उड़ान के प्रति लोगों के लगातार बढ़ रहे रुझान को देखते हुए रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत अन्य शहरों के लिए हवाई उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया है। जल्द ही लखनऊ से बरेली, वाराणसी, हिंडन और प्रयागराज के लिए हवाई उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। कोविड काल में भी हवाई यात्रा करने वालों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए महत्वपूर्ण एयरपोर्टों से जल्द ही अन्य शहरों के लिए भी हवाई उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया गया। मंत्री नंदी ने कहा कि अगर हिंडन एयरपोर्ट से प्रयागराज और लखनऊ के लिए हवाई सेवा शुरू हो जाए तो यह लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। विकास की दृश्टि से पूरे प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हिंडन से प्रयागराज और लखनऊ के लिए हवाई सेवा शुरू करने की कवायद का निर्णय लिया गया, जिसके लिए एयरलाइंस कंपनियों व डीजीसीए से वार्ता की जाएगी। वाराणसी एयरपोर्ट से अभी तक रिजनल लेवल की एक भी उड़ान सेवा नहीं है। इसके तहत निर्णय लिया गया कि वाराणसी से लखनऊ, बरेली के साथ ही अन्य शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू की जाए।

मंत्री नंदी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लखनऊ एयरपोर्ट को 50 वर्ष की लीज पर मेसर्स अडानी इंटरप्राइजेज को दिया गया है। यह एयरपोर्ट एक नवंबर 2020 से अडानी इंटरप्राइजेज द्वारा गठित की गई, एसपीवी मेसर्स अडानी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि प्रयागराज एयरपोर्ट पर डेनेज सिस्टम हेतु 120.59 लाख का आगड़न प्राप्त हुआ है। जिसका परीक्षण मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

नागरिक उड्डय मंत्री ने कहा कि बरेली से लखनऊ और प्रयागराज के लिए हवाई उड़ान की सबसे ज्यादा जरूरत है। बरेली प्रदेश के विकसित औद्योगिक शहरों में एक है, यहां के उद्यमियों को प्रयागराज और लखनऊ हाईकोर्ट आने के लिए सात से आठ घंटे का सफर करना पड़ता है। हवाई सेवा शुरू करने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। जिस पर बरेली लखनऊ और प्रयागराज के लिए हवाई उड़ान शुरू करने की कवायद का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ और प्रयागराज के लिए हवाई उड़ान शुरू करना लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के एयरपोर्टों को लोगों को और अधिक उपयोगी बनाया जाए। जिसके लिए छोटे व उपयोगी शहरों के लिए हवाई उड़ान शुरू करने की प्लानिंग की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन विभाग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।

## रुद्र सेना प्रयाग की बैठक में किया गया सदस्यता विस्तार समारोह सम्पन्न

**नवाबगंज।** रविवार को रुद्र सेना प्रयाग के तत्वाधान में नवाबगंज स्थित राम वाटिका में आयोजित सदस्यता विस्तार समारोह में संगठन में सकरी भूमिका निभा रहे सदस्यों को संगठन के अध्यक्ष आलोक शंकर मिश्र के द्वारा दायित्व की घोषणा की गई और उनको माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। सदस्यता समारोह को उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक दुबे, प्रधानाचार्य अरविंद तिवारी, प्रधानाचार्य अवध नारायण मिश्र, भाजपा नेता विनोद ओझा, समाजसेवी राकेश यादव, विक्रम यादव, पंडित सियाराम दिवेदी, सुनील शुक्ला, सत्यम शुक्ला, सोरांव बार के महामंत्री राजीव ओझा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि आशुतोष त्रिपाठी, रुद्र सेना प्रयाग के अध्यक्ष आलोक शंकर मिश्र ने संबोधित किया। इस अवसर पर शैलेंद्र शुक्ला दीपक, मनोज मिश्र धनंजय, अमित ओझा, प्रवीण शुक्ला, गुरु शुक्ल तांडव, अतुल श्रीवास्तव, रिषीकेश पांडेय, संजीव केसरवानी, लाल जी पटेल, वरुण त्रिपाठी, सत्यम गुप्ता, ऋतु राज पांडेय, पंकज द्विवेदी, पंडित लल्लन मिश्रा आदि लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन भारत चंद्र मिश्र व धन्यवाद ज्ञापित सुनील त्रिपाठी रूद्र ने किया।



समारोह में उपस्थित सदस्यगण

## 67 मिले कोरोना संक्रमित 35 हुए स्वस्थ

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार में उतार-चढ़ाव जारी है । 24 घंटे के दौरान 67 नए संक्रमित मिले हैं जबकि 35 लोगों ने महामारी को हराया। इनमें से 11 को अलग-अलग अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, जबकि 24 का होम आइसोलेशन पूरा हुआ। राहत की बात यह है कि किसी की भी मौत संक्रमण के चलते नहीं हुई । फिलहाल मौत का आंकड़ा 366 पर है। स्वास्थ्य विभाग का जांच अभियान अलग-अलग क्षेत्रों में जारी रहा। 5873 लोगों के सैंपल विभाग की ओर से लिए गए। वहीं शनिवार को अलग-अलग विभागों के अधिकारी व कर्मचारी संक्रमित हुए। पीएनबी के ब्रांच मैनेजर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर, आयकर विभाग के इंस्पेक्टर, रेलवे के विजिलेंस अधिकारी भी संक्रमित हुए हैं। वकील व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी भी संक्रमित हुए हैं। नोडल अफसर डॉ ऋषि सहाय ने कोरोना की रोकथाम के लिए मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की है।

## भाजपा सांसद आवास का घेराव कर रहे कांग्रेसी पुलिस हिरासत में

**प्रयागराज।** तीन नये कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेत्तृत्व के आवाहन पर देशभर में भाजपा सांसद आवास का घेराव कर प्रदर्शन करने की घोषणा की गई। इसी क्रम में संगम नगरी प्रयागराज के कांग्रेसजनों ने भी फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल के आवास को घेरने की योजना तैयार की लेकिन कांग्रेसियो के प्रदर्शन की सूचना पहले से ही पुलिस को लग गई। पुलिस ने मेवहाल चौराहा स्थित सांसद आवास को छावनी में तब्दील कर दिया। वहीं कांग्रेसियो ने भी पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जैसे तैसे सांसद आवास के करीब पहुँचकर मोदी सरकार के खिलाफ जमकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हल्का बल प्रयोग कर हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। प्रदर्शनकारी कांग्रेसियो की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने केन्द्र सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता संजय तिवारी और हसीब अहमद का कहना था की सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का किसान खून के आंसू रोने पर मजबूर है। गिरफ्तार कांग्रेसियो में- अरुण तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, अनिल पाण्डेय, दिनेश सोनी, प्रदीप नारायण, नारायण दुबे, अन्नू सिंह, महबूब आलम, संजय सिंह, परवेज आलम समेत आदि लोग शामिल थे।




कांग्रेसियों को हिरासत में लेती पुलिस

## सांसद को ज्ञापन सौंपने से पहले ही जिलाध्यक्ष गंगापार गिरफ्तार

**प्रयागराज।** किसानों की आवाज बुलंद कर रहे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगापार रामकिशुन सिंह पटेल को उनके घर के पास से ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरअसल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर, जनपद प्रयागराज मे कांग्रेसी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद केसरी देवी पटेल को ज्ञापन सपना चाह रहे थे ता कि किसानों की आवाज संसद तक पहुंचे तथा किसानों की समस्याओं का समाधान हो। इसको लेकर रविवार को फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल को ज्ञापन देने के लिए जिला पंचायत प्रयागराज के पास एकत्रित हो रहे थे। तभी सूचना मिली की जिला अध्यक्ष गंगापार राम किशुन सिहं पटेल को उनके गाँव सराय लाहुरपुर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उनको सराय इनायत थाने ले आई है। सूचना मिलते ही काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता सराय इनायत थाने पहुंच गए तथा सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना था कि किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु कांग्रेस पार्टी सांसद केसरी देवी पटेल को ज्ञापन सौंपकर उनकी समस्याओं को दिल्ली संसद भवन में पहुंचाना चाहती थी पर तानाशाही सरकार ने उन्हें सांसद को ज्ञापन नहीं देने दिया। हम सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता इसका घोर विरोध करते हैं। किसानों को न्याय मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्टी तब तक आंदोलन करती रहेगी जब तक किसानों को उनका हक ना मिल जाए। सराय इनायत थाने में उज्जवल शुक्ला प्रदेश सचिव प्रभारी प्रयागराज व दीप चन्द्र तिवारी सभी गिरफ्तार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से थाने मिलने पहुंचे थे। प्रदेश सचिव उज्जवल शुक्ला ने कहा कि सरकार की तानाशाही का विरोध कर अन्नदाताओं का साथ देने का जोरदार समर्थन मिल रहा है। सराय इनायत थाने में कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार मिश्रा विजय सिहं पटेल भोला तिवारी देवराज उपाध्याय अशफाक अहमद अशोक यादव इश्तियाक अहमद रिंकू तिवारी राम अभिलाष प्रजापति तीर्थ राज तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिहं, लवकुश मिश्रा, महेश शुक्ल, सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सरांयइनायत थाने में जिलाध्यक्ष गंगापार राम किशुन सिंह पटेल व समर्थक

## किसानों की जायज मांगों को माने भाजपा सरकार : सपा जिलाध्यक्ष

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार को विपक्ष पर ठीकरा फोड़ने के बजाए किसानों की जायज मांगों को मानना चाहिए। कृषि बिल वापस लेने की मांग दोहराते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के साथ हर कदम पर साथ है। गंगापार के कई क्षेत्रों में ग्रामीणों और किसानों में जिलाध्यक्ष ने जन चेतना क्रांति का बिगुल फूंका। कहा कि दिल्ली के सिंघु बार्डर पर केंद्र सरकार द्वारा काले कृषि कानून के विरोध में किसान धरनारत हैं। उनके समर्थन में किसान चेतना रैली के माध्यम से लोगों को काले कानून से अवगत करा रहे हैं। योगेश चंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी नेताओं को फर्जी मुकदमे में फंसा कर उनका मनोबल तोड़ने का ताना-बाना बुना जा रहा है, जो सफल नहीं हो पाएगा। सपा महानगर अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने शहर पश्चिमी के गांवों में बैठक की। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव उनका दर्द समझते हैं। भाजपा किसान विरोधी होने के साथ पूंजीपतियों और कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की खातिर ही कृषि बिल लाई है। तीनों काले कानून के खिलाफ हमारा आंदोलन जारी रहेगा। मेजा में सपा नेता नरेंद्र सिंह द्वारा लगातार प्रतिदिन गांव, कस्बों और बाजारों में किसान यात्रा निकाल रहे हैं। इसके माध्यम से काले कृषि कानून से किसानों पर पड़ने वाली चौतरफा मार से अवगत कराया। केंद्र सरकार से हठधर्मी छोड़ कर तीनों काले कानून वापस लेने, किसानों को अडानी और अम्बानी से बचाने की मांग की गई। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोहम्मद शारिक ने नैनी, झूंसी, पीपल गांव, मेजा करछना, सोरांव, हंडिया, फूलपूर, फाफामऊ, नवाबगंज, प्रतापपूर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जागरूक किया।

## साइड बर्थ में स्लीपिंग प्लेट लगाने से अब ट्रेन यात्रियों का सफर हुआ आरामदायक

**प्रयागराज।** रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रख रहा है। एलएचबी की नई रैक बनाई गई है, जिसमें साइड लोअर बर्थ पर स्लीपिंग प्लेटें लगाई गई हैं। प्रयागराज में भी कुछ ऐसी ट्रेनें हैं, जिनमें स्लीपिंग प्लेट लगी है। इसके इस्तेमाल से यात्री और आरामदायक सफर कर सकते हैं। अभी तक साइड लोअर बर्थ पर बीच में गैप होने से कमर दर्द समेत अन्य समस्याएं होती थीं। दरअसल, एलएचबी कोच की नई रैक में यात्रियों को सुविधा देने के लिए कुछ बदलाव किया गया है। इसमें साइड बर्थ में स्लीपिंग प्लेट लगाई गई है। इसके इस्तेमाल से यात्रियों को सोते वक्त और आराम मिलेगा। खासकर बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। 02275 प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस के पांच कोच और 02417 प्रयागराज जंक्शन-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस के एक एसी व एक स्लीपर कोच लगाए गए हैं। इनमें साइड बर्थ पर स्लीपिंग प्लेट लगी है, जिसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नए एलएचबी कोच की रैक में साइड बर्थ पर स्लीपिंग प्लेट स्लाइडिंग के माध्यम से जुड़ी है। सोते वक्त इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## शुआट्स में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कोनिएप्स-26 का समापन


**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज के मॉलीक्यूलर एण्ड सेल्युलर इंजीनियरिंग विभाग, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और बायोइंजीनियरिंग, में इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज, प्रयागराज, भारत और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम, केरल, भारत के सहयोग से जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में चल तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कोनिएप्स-26 का समापन रविवार को हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन, प्रो पी.डब्ल्यू. रामटेके, पूर्व डीन, पीजी स्टडीज ने सम्मेलन के तीसरे और अंतिम सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें चार आमंत्रित व्याख्यान शामिल थे। पहला व्याख्यान डॉ० ध्रुव कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर मेडिसिन एंड स्टेम सेल रिसर्च, एमिटी यूनिवर्सिटी, भारत, द्वारा कैंसर और कैंसर स्टेम सेल में सिग्नलिंग विनियमन (एस) और म्यूटेशनल हेटेरोजेनिटी को समझने पर दिया गया था। उन्होंने कैंसर के मेटाबोलिज्म में महत्वपूर्ण पहलू और कैंसर कोशिकाओं के उत्तरजीविता और प्रगति में स्वायत्तता पर निर्भरता पर जोर दिया।

दूसरा व्याख्यान प्रो० जोस्ट आंद्रे, बायोसाइंस और एक्वाकल्चर के संकाय, नॉर्ड विश्वविद्यालय, नॉर्वे, द्वारा लैंडस्केप जीनोमिक्स पर दिया गया था। जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए अनुकूली क्षमता को समझने का प्रयास किया। उन्होंने एक अवलोकन प्रस्तुत किया, कि वे कैसे जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन का समर्थन करते हैं। इन मुद्दों की समझ की कमी ने बड़े और पारिस्थितिक रूप से विविध परिदृश्यों में प्रजातियों में साझा और अद्वितीय अनुकूली प्रतिक्रियाओं को निर्धारित करने के लिए एक उपकरण के रूप में परिदृश्य जीनोमिक्स के विकास को गति दी है। उन्होंने इन विकासों का अवलोकन प्रस्तुत किया, और यह वर्णन किया कि वे जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन का समर्थन कैसे करते हैं। प्रो० डॉ० जोनाथन ए लाल, संयोजक, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० सस्मित पात्रा, राज्यसभा सदस्य, ओडिशा का स्वागत किया। डॉ० पात्रा ने श्रोताओं को संबोधित किया।

तीसरा और अंतिम, व्याख्यान डॉ० अर्नब भट्टाचार्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटेशनल और एकीकृत विज्ञान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा दिया गया था। उन्होंने डी०एन०ए० ट्रैक पर कैसे प्रोटीन ट्रेवल्स पर अपनी बात प्रस्तुत की? वह एकल और डबल-फंसे डीएनए ट्रैक पर डीएनए बाध्यकारी प्रोटीन के ऐसे तेज और सटीक लक्ष्य खोज तंत्र के भौतिक आधार पर चर्चा की।

आमंत्रित वार्ता के बाद, सम्मेलन फोकल थीम पर दुनिया भर के शोधकर्ताओं और छात्रों द्वारा मौखिक प्रस्तुति दी गई।

समारोह में, कॉन्फ्रेंस के सह-आयोजन सचिव डॉ० प्रगति मिश्रा ने सम्मेलन के विभिन्न सत्रों पर प्रकाश डालते हुए तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ० विजय त्रिपाठी ने अपनी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मौखिक प्रस्तुति श्रेणी में पुरस्कार, श्री जयदेव शर्मा और टीम को, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा, और सुश्री० श्वेता मानस और टीम, बेसिक साइंसेज के संकाय, शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जम्मू, जम्मू और कश्मीर। प्रो० डॉ० आई.आर. जॉनथन ए० लाल, प्रो० डॉ० कपिल लॉरेंस, प्रो० डॉ० राजीव कांत, छात्रों को बधाई दी। डॉ० इपन पी० कोशी द्वारा प्रार्थना के माध्यम से सम्मेलन का समापन किया गया।



## संक्षेप समाचार

### पइंसा ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण में हेरा फेरी

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के पइंसा ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण में बड़ी हेरा फेरी किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता मिशन के तहत पइंसा ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण की रकम सरकारी खजाने से निकाली तो गई है लेकिन इस ग्राम पंचायत में बनाए गए शौचालय उपयोग लायक नहीं है तमाम शौचालय भवन का निर्माण मानक के विहीन किए गए हैं ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण की सरकारी रकम मैं हेरा फेरी किए जाने के मामले की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों पर कार्यवाही होना तय है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बनाए गए शौचालय उपयोग लायक नहीं हैं शौचालय निर्माण में गड़बड़ी के मामले में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दोषी ठहराया है।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** अवैध शराब परिवहन एवं निष्कर्षण अभियान के अंतर्गत सिराथू चौकी प्रभारी ने जबरदस्त कार्रवाई की है चौकी प्रभारी की कार्रवाई की जद में आये अवैध शराब कारोबारी हरीलाल पुत्र फुलझार निवासी मधवामई थाना सैनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब चौकी पुलिस ने बरामद की है चौकी पुलिस की कार्यवाही में लगभग कई कुन्तल अर्धनिर्मित शराब लहन पुलिस को मिला है जिसे पुलिस ने मौके पर नष्ट किया। पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।वहीं आबकारी विभाग कुम्भकर्णी नींद सो रहा है।

### दृष्टि दिव्यांग ने विकलांगों को बांटा कंबल

**कौशांबी।** ठंड बढ़ने के बाद दृष्टि दिव्यांग विकलांग संघ के जिला अध्यक्ष लालचंद वर्मा ने विकलांगों को कंबल वितरण किया है शनिवार को लालचंद वर्मा ने दर्जनों दिव्यांगों को कंबल वितरण किया है उनका यह कार्य बेहद सराहनीय है लाल चंद वर्मा खुद दोनों नेत्रों से दृष्टि दिव्यांग हैं और उनके अंदर दूसरे दिव्यांगों की सेवा करने का जज्बा अभी भी समाया हुआ है(

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**सरायअकिल कोतवाली के बुआराम के पूरा गांव में हुई घटना, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव**



हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की जमा भीड़।

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली के बसुहार गांव के बुआराम के पूरा मजरा में रविवार की सुबह एक व्यक्ति की लाश संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटकती मिली है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गांव के बाहर स्थित स्कूल के पास पीपल में युवक का शव फांसी पर लटका मिला है परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से बीमार रहता था। बुआराम पूरा गांव निवासी सतेंद्र सिंह ( 30वर्ष ) पुत्र शंभूनाथ सिंह किसान था। खेती करके वह किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार वालों ने बताया कि पिछले पांच महीना से सत्येंद्र की मानसिक हालत खराब चल रही थी। परिजनों के मुताबिक सतेंद्र सिंह दो दिन पहले चित्रकूट व मैहर दर्शन कर शनिवार शाम को घर वापस आया था और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रात में सतेंद्र केला के खेत मे आवारा पशुओं को देखने चला गया। सुबह सत्येंद्र काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करने लगे। इस बीच गांव के बाहर स्थित प्रथमिक विद्यालय के समीप पीपल के पेड़ पर सत्येंद्र का शव फांसी से लटका मिला। घटना की जानकारी परिवार के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने प्रारंभिक जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष का कहना है कि परिवार के लोगों ने लिखकर दिया है कि मृतक की दीमागी हालत ठीक नहीं रहती थी। इसी तनाव में आकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

# सफेद दूध के काले कारोबार में लगे लोगों पर मेहरबान फूड इंस्पेक्टर

**धंधे बाजो से लाखों रुपए महीने की अवैध वसूली में लिप्त फूड इंस्पेक्टर पर कार्यवाही की मांग**

**कौशाम्बी।** जिले में सफेद दूध का काला कारोबार बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है चायल तहसील क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर दूध कलेक्शन सेंटर के आड़ में जहां दूध का काला कारोबार फल-फूल रहा है वही फूड इंस्पेक्टर की अवैध वसूली भी चरम सीमा पर फल फूल रही है दूध के काले कारोबार में लगे लोगों के फूड विभाग से सांठगांठ के चलते आम जनता जहर पीने को विवश हैं। लेकिन फूड इंस्पेक्टरों की मनमानी पर रोक लगता नहीं दिख रहा है।

बीते कई वर्षों से फूड इंस्पेक्टर बेलगाम हो चुके हैं और पूरे दिन फूड इंस्पेक्टर केवल खाने-पीने की दुकानों से अवैध वसूली में लिप्त पाए जाते हैं सूत्रों की माने तो फूड विभाग के इंस्पेक्टरों द्वारा अवैध धंधे बाजो से कई लाख हुए महीने की अवैध वसूली की जा रही है दूध के काले कारोबार की ओर लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से संचालित हो रहे दूध के धंधों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। दूध उत्पादन दिनोंदिन कम हो रहा है और लोगों की दूध की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है जिससे दूध की कमी हमेशा बनी रहती है और इसी का फायदा उठाकर मिलावट खोर दूधिए सिंथेटिक दूध तैयार कर लोगों की मांग पूरी कर रहे हैं। मोटी कमाई के चक्कर में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और जहर बेचा जा रहा है।जिस तरह सिंथेटिक दूध से तैयार होने वाली मिठाई या पदार्थ पूरी तरह जहर का कार्य करते हैं। सिंथेटिक दूध से बनने वाले खोवा और पनीर में स्वाद भी नहीं होता है। कुछ मिलावट खोर दूधिए यह काम तेजी से कर रहे हैं। दूध कलेक्शन सेंटर मिलावट खोरी के अड्डे बन चुके हैं लेकिन फूड इंस्पेक्टर इन पर कार्यवाही करने के बजाय नजरें मोड़ लेते हैं ग्रामीण इलाकों में सिंथेटिक दूध तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा है।बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध तैयार किया जा रहा है।खाद्य विभाग, मिलावट पर रोक नहीं लगा रही विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। कौशाम्बी से दूध की सप्लाई एजेंटों के माध्यम से की जा रही है। ग्राहक भी पहचान करने के बजाए सिर्फ अपनी आवश्यकता का ध्यान रख रहे हैं। सिंथेटिक दूध को खपाने का जरिया इन दिनों शहरी क्षेत्र में खुली डेयरियां और घर-घर दूध पहुंचाने वाले दूधिए हैं। यह दूध डेयरियों तथा डोर-टू-डोर डिलेवरी में सप्लाई हो रहा है इस दूध में केमिकल, यूरिया, स्टार्च रिफाइंड आदि घातक चीजों की मिलावट होती है कौशाम्बी में बड़े पैमाने पर नकली और सिंथेटिक दूध का कारोबार चल रहा है।सभी डेरी पर उपलब्ध है. जिनका उपयोग लोगों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। जगह जगह पर दूध डेरिया खुली हुई है जहां दूध कलेक्शन सेंटर भी बनाए गए हैं और इन दूध डेरियों के आड़ में दूध एकत्रित कर इनमें केमिकल मिलाकर बाहरी ट्रकों के जरिए बड़े शहरों में भेजा जा रहा है चायल तहसील क्षेत्र के दर्जनों कस्बे में फूड इंस्पेक्टर की मेहरबानी पर दूध कलेक्शन सेंटर चल रहे हैं सूत्रों की माने तो पांच हजार रुपए महीने प्रति कलेक्शन सेंटर पर फूड इंस्पेक्टर की दूध सेंटरों से वसूली है जिसके चलते दूध के काले कारोबार से में लगे लोगों के सारे गुनाह माफ है।

# अलग-अलग चोरी की घटना में नकदी व जेवरात समेत लाखों उड़ाए

**बेखौफ चोरों ने शनिवार रात चार घरों में सेंधमारी करते हुए लाखों के कीमती जेवर व नकदी पर हाथ साफ किया**

**कुंडा।** बेखौफ चोरों ने शनिवार रात चार घरों में सेंधमारी करते हुए लाखों के कीमती जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मानिकपुर थाना क्षेत्र के लेढ़िया बड़गौं निवासी अनूप कुमार यादव के घर चोर छत के रास्ते घुसे। नीचे कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे 20 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, महंगी साड़ियां व अन्य कीमती सामान समेट ले गए। इसके बाद पड़ोसी गुरु प्रसाद यादव के घर भी चोर छत के रास्ते घुसे। उनके बेटे-बहू के कमरे का ताला तोड़कर आठ हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के लाखों के जेवरात समेट लिए। गुरु प्रसाद का कहना है कि आहट होने पर वह उठा तो बेटे के कमरे का दरवाजा खुला था। बहू को प्रसव होने के कारण बेटा अस्पताल में था। जब वह कमरे में पहुंचा तो रखी पेटियां आदि तोड़कर उसमें रखी नकदी, जेवरात, महंगी साड़ियां आदि लाखों का सामान समेट ले गए थे। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक चोर भाग चुके थे। पड़ोसी गांव बहरामई निवासी छेदीलाल के घर भी चोरों ने हाथ साफ किया। घर से छह हजार रुपये नकद, जेवरात, कपड़े आदि समेट ले गए। उसी गांव के शैलेश श्रीवास्तव के घर से चोरों को कोई खास सामान नहीं मिला। फिर भी उनके घर की पेटियां आदि उठा ले गए। बाग में तोड़कर फेंक दिया। उनके घर से भी हजारों के कपड़े आदि उठा ले गए। रविवार सुबह घटनाओं की जानकारी होने से गांव के लोग सन्न रह गए। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार, एसओ सुभाष यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ितों से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**प्रतापगढ़।** शनिवार शाम लालगंज कोतवाली के लीलापुर चैकी इंचार्ज बंशीधर राय व टीम द्वारा लीलापुर तिराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे सदिंग्ध को पुलिस ने धर दबोचा, पूंछ - तांछ के दौरान जानकारी मिली कि जेठवारा थाना क्षेत्र के रवि सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह शहर मे अक्सर मोटरसाइकिल चोरी का काम करता है संदिग्ध । पकड़े गए युवक ने बताया कि वह जिस मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास कर रहा था वह भी चोरी की थी । मामले मे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज युवक को जेल भेज दिया । चैकी इंचार्ज व पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे अपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त रहने वाले अपराधियों को पकड़कर जेल भेजने व उन पर उचित कार्यवाही करने को लेकर खुशी व्याप्त है ।

### दुकान का ताला तोड़कर जेवरात उड़ाए

**कुंडा।** बेखौफ चोरों ने सराफा व्यावसायी की दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखे तिजोरी को उठा ले गये। सुबह जानकारी होने पर दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मानिकपुर नगर पंचायत के बभनपुर निवासी सोनू सोनकर घर से कुछ दूर पर राम लखन मार्केट में सोनू ज्वैलर्स के नाम से सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान चलाता है। शनिवार रात वह दुकान बंदकर घर चला गया। रात में चोर दुकान का ताला तोड़कर भीतर घुसे। दुकान में रखी तिजोरी उठा ले गए। सोनू के मुताबिक उसमें करीब 40 हजार रुपये के जेवरात थे। चोरों ने तिजोरी तोड़कर जेवर निकालने के बाद रइयापुर पुल के नीचे उसे फेंक दिया। घटना की जानकारी सोनू को रविवार सुबह दुकान पहुंचने पर हुई।

## लूट के अभियोग से संबंधित ट्रक बरामद

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना कंधई से उ0नि0 अनुज यादव मय हमराह द्वारा कल दिनांक 19.12.2020 को थानाक्षेत्र के मंदाह क्षेत्र में भ्रमणध्चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान मंदाह पेट्रोल पम्प के पास एक टाटा ट्रक नं0 बी0आर0 44 जी 4195 संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। इस ट्रक के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछध्जानकारी करने पर कोई कुछ नहीं बता पाया, इस पर उक्त ट्रक को थाने लाया गया व इसके संबंध में विस्तृत जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त ट्रक जनपद मिजार्पुर के थाना लालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 329,20 धारा 392 भादंवि से संबंधित है। इस संबंध में थाना लालगंज, जनपद मिजार्पुर को सूचित किया गया है।



निकाली गयीर रिवर्सल जगरूक रैली।

## डायबिटीज को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**प्रतापगढ़।** भारत आज डायबिटीज की राजधानी बन चुका है पंद्रह करोड़ से ज्यादा लोग आज सुगर से पीड़ित हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है । लोग परेशान हैं लेकिन इसका कोई सफल इलाज नही है जो लोगों को इस बीमारी से पूर्णतः निजात दिला सके । ऐसे में अहमदाबाद की कंपनी बेनमून फार्मा रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड ने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का बीड़ा उठाया है । रविवार बीस दिसंबर को सुगर को लेकर आगरा में एक जागरूकता रैली का आयोजन डॉ. दिनेश काचा के नेतृत्व में निकाली गयी । इस रैली में बेनमून के डायमंड पवन वर्मा, अमर वर्मा, राजू रावल ने देश के विभिन्न हिस्सों से आये हुए कार्यकताओं और देश - विदेश के तमाम नागरिकों को सुगर को लेकर जागरूक किया स इस जागरूकता रैली में दिग्विजय परमार, सुधीर सिंह, वेद प्रकाश राना, रजनीश कुमार, सुनील पाटिल, गौरव तोमर, नीलाम्बर अधिकारी, गौरव यादव, राहुल विश्वकर्मा, रमेश चैहान, अनिता बलिहान, नेत्रपाल सिंह, कविता ठाकुर, कमल डे, प्रेम वर्मा, अर्जुन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को गुमराह करने वालों ने किया किसानों का शोषण : सांसद

**प्रतापगढ।** देश में वर्षों राज करने वाले लोग 2014 तक किसान से फसल 1360 रुपये में खरीद रहे थे। केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद मात्र छह वर्ष में 1880 में किसान की फसल खरीदी जा रही है। फिर भी लोग भाजपा को किसान विरोधी बता रहे है। स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को न लागू करने वाले लोग अपने आप को किसान हितैषी बता रहे है। केंद्र सरकार ने किसानों को आजाद करने के लिए खुली छूट दी। अब किसान चाहे तो मंडी या बाहर कही भी अपनी फसल को बेच सकता है। केंद्र सरकार ने किसान बिल लाई तो पूरे देश मे विपक्ष के लोग अफवाह फैला रहे है। कि अब किसानों का खेत पूंजीपति या व्यापारी कब्जा कर लेंगे। इस तरह से किसानों को भ्रमित किया जा रहा है। उक्त बातें कुंडा के ताजपुर में मऊहारी बाग में किसान खाट पंचायत में बतौर मुख्य अतिथि कौशाम्बी के सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति के सभापति व त्रिपुरा राज्य के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि जो लोग गुमराह कर रहे है। मै उन लोगो से कहना चाहूंगा कि कुंडा व बाबागंज में आ जाये। यहाँ पर बड़े पैमाने पर आम व आंवले की बाग है। किसान से व्यापारी एक या दो साल के लिए फसल लेता है। इसके बाद किसान को बाग मिल जाती है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र



सांसद का स्वागत करते

सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पन, जिला महामंत्री सतीश चैरसिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृज किशोर त्रिपाठी, कमलेश सोनकर, उदय शंकर पाण्डेय, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, आनन्द तिवारी, एस पी सोनकर, राजेश साहू, सुरेश तिवारी, आनन्द मिश्र, दिवाकर पाण्डेय, विजय पाल सरोज, अंजू गौतम, सुनील केसरवानी, राम कृष्ण शुक्ल, ओम प्रकाश गौतम, छेदी लाल सरोज, रावेन्द्र पाण्डेय गुड्डु, मुनेश मिश्र, एम पी शुक्ल, अनूप उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने युवक की दुर्घटना में मौत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रविवार को गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली नगर के निवासी बृजेश मौर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भाई शैलेन्द्र मौर्या (32) तथा पंकज मौर्य बीती 29 नवंबर को लालगंज आया था। शाम करीब सात बजे अल्टो कार के अज्ञात चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में शैलेन्द्र व पंकज गम्भीर रूप से चुटहिल हो गए। दोनों घायलों को गम्भीर अवस्था में एसआरएस प्रयागराज रेफर किया गया। किन्तु रास्ते में ही उसके भाई शैलेंद्र की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अल्टोकार के अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

# रजबहा में पानी न आने से नहीं हो पा रही सिंचाई

**जेठवारा।** रबी फसल की पहली सिंचाई का समय चल रहा है लेकिन हीरागंज रजबहा व लोनी नदी में अभी भी धूल उड़ रही है। नहर में अब सिल्ट सफाई का काम शुरू हुआ है, लेकिन सम्बंधित ठेकेदार नहर की सफाई में भी खेल कर रहा है। क्षेत्र के किसानों ने ठेकेदार के इस कारनामे की शिकायत किया तो अधिकारियों ने अनसुनी कर दिया। बाबागंज क्षेत्र की शारदा सहायक नहर से निकल कर मान्धाता ब्लॉक के बगियापुर गांव के पास बकुलाही नदी में गिरने वाली करीब पैंतीस मील लम्बी इस नहर में पिछले ढाई दशकों से टेल पर बसे करीब दर्जनभर गॉव के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।बाघराय से लेकर बगियापुर तक हीरागंज रजबहा की वर्षों से मरम्मत नहीं हुई।और हमेशा की तरह इस बार भी सिंचाई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार ने मिलकर नहर की सफाई के नाम पर खेल करते हुए बिना सफाई किए ही धन की बंदरबांट किया।अब किसानों की शिकायत को भी अधिकारी अनसुनी कर रहे हैं।नहर के टेल की ओर बसे गांव बगियापुर, पुरेसुखदेव, सदुल्लापुर, पूरे गोसाईं, सिंगारपुर, चकवड़, कमासिन, देवगलपुर, फूलपुर, रायपुर, जलालपुर, बारौं आदि गावों के किसानों को विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण लम्बे अरसे से नहर का लाभ नहीं मिल पा रहा है।यहां तक की नहर की कमांड एरिया के गावों को भी समय से पानी नहीं मिल पाता और वह निजी ट्यूबवेल से फसलों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के किसानों ने नहर की सफाई के नाम पर ठेकेदार व अधिकारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच करते हुए सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण करने की मांग उच्चाधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से किया है। लक्ष्मणपुर प्रतिनिधि के अनुसार लोनी नदी मे पानी न छोड़े जाने से डाड़, हन्डौर, घूरीपुर, कटराक्षत्रधारी, बाबूगंज, लीलापुर, परमेशरापुर सहित दर्जनों गावों के किसानों को खेत की सिंचाई करने मे असुविधा हो रही है।



रजबहा व नदियों में उड़ रहा है धूल, किसानों में आक्रोश

# जूनियर इंजीनियर संगठन के फिर अध्यक्ष बने सौरभ मौर्या

**कौशांबी।** जूनियर इंजीनियकर संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती संकल्प दिवस के रूप में विद्युत इंजीनियरों ने मनाया है। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन द्वारा आज पावर हाउस मंझनपुर में संकल्प दिवस का आयोजन किया गया है जहां पर चुनाव के बाद सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया है संकल्प दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता एके श्रीवास्तव रहे और विशिष्ट अतिथि के पद पर अधिशासी अभियंता अंकित कुमार मौजूद रहे जूनियर इंजीनियर मुरलीधर और अवधेश कुमार के देखरेख में चुनाव कार्यक्रम संपन्न हुआ है

इस अवसर पर सौरभ मौर्या जूनियर इंजीनियर को अध्यक्ष अवधेश कुमार इंजीनियर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीसी वर्मा को उपाध्यक्ष राजेश कुमार संगठन सचिव राजपाल प्रचार सचिव उमेश कुमार वित्त सचिव विनम्र पटेल सचिव आशीष मौर्य लेखा लिपिक रामबहादुर मंडल अध्यक्ष और आकाश सिंह मंडल सचिव बनाए गए हैं पदाधिकारियों के चुनाव के बाद विभागीय लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया है।



राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन द्वारा पदाधिकारियों के चुनाव में एकत्रित पदाधिकारी

# वर्षों से अवैध तरीके से चल रही इमामगंज चौराहे पर नर्सिंग होम

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के चलते गांव गांव गली गली अवैध तरीके से नर्सिंग होम का संचालन कर लोग मालामाल हो रहे हैं बड़े कस्बों में तो दर्जनों की संख्या में अवैध नर्सिंग होम चल रहे हैं जहां नर्सिंग होम के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है लेकिन अब तो गांव-गांव छोटे कस्बों में भी गलत तरीके से नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है इसी तरह का एक मामला चायल तहसील क्षेत्र के इमामगंज चौराहे का सामने आया है। मूरतगंज इलाहाबाद जाने वाली मुख्य सड़क पर इमामगंज चौराहे पर एक नर्सिंग होम दो दशक से संचालित हो रहा है इस नर्सिंग होम में दर्जनों वेड लगाए गए हैं पहले नर्सिंग होम क्लीनिक की शक्ल में था लेकिन बिना स्वास्थ्य विभाग के लिखित अनुमति के इसे नर्सिंग होम में परिवर्तित कर दिया गया है अस्पताल संचालक के पास नर्सिंग होम संचालक का रजिस्ट्रेशन नहीं है मुख्य रोड में अवैध तरीके से चल रहे नर्सिंग होम को बंद कराने और इस पर कार्यवाही करने का प्रयास अभी तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने नहीं किया है अस्पताल संचालक के पास फार्मासिस्ट वार्ड ब्वाय एएनएम नर्स आदि भी नहीं है चिकित्सक की भी कमी इस अस्पताल में है लेकिन फिर भी दर्जनों बेड लगा कर बेखौफ तरीके से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इस नर्सिंग होम के अंदर मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है जहां मरीजों को दवाएं दी जाती हैं जबकि सूत्र बताते हैं कि नर्सिंग होम के पास मेडिकल स्टोर लाइसेंस नहीं है आखिर कई वर्षों से इस अवैध नर्सिंग होम तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पहुंची है यह एक बड़ी जांच का विषय है और इस मामले में जांच हुई तो नर्सिंग होम संचालकों से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की सांठगांठ उजागर होना तय है।

### योगी राज में आवारा पशुओं से परेशान हैं गांव में किसान

**नेवादा कौशाम्बी।** चायल तहसील के हासिमपुर किनार जवाहर गंज और सुरसेनी गांव के लोग अपनी फसल की सुरक्षा को लेकर बहुत परेशान हैं आवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। आवारा पशुओं पर लगाम लगाने के लिए पशु विभाग के अधिकारी कतई तैयार नहीं है गौशाला में भी आवारा पशुओं को जिम्मेदार नहीं ले जा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि इससे अच्छा तो सपा की सरकार में था जब आवारा पशुओं से किसान परेशान नहीं थे। सूबे में योगी सरकार बनने के बाद आवारा पशुओं की बाढ़ आ गई है और आवारा पशु किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं जिससे किसानों के सामने आनाज की दिक्कतें हो रही हैं चायल तहसील क्षेत्र के हासिमपुर किनार जवाहर गंज सुरसेनी आदि गांव क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार हो गई है गेहूं की फसल में किसानों की मेहनत की कमाई व साल भर के अनाज के पीछे आवारा पशु पड़े है।